# राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

## वार्षिक परीक्षा सत्र 2024-25

**विषय - पर्यावरण अध्ययन** H2025EVS05371

**समय– $2\frac{1}{2}$ घण्टे** **कक्षा- 5** **पूर्णांक–60**

**बहुविकल्पीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 1–5 )**

**निर्देश** – सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्र–1. बीज के बिखराव में क्या सहायक नहीं है? 1

(A) हवा (B) पानी (C) मिट्टी (D) मानव व जानवर

प्र–2. पत्थर या दीवार पर कुरेद कर की गई चित्रकारी को कहते हैं – 1

(A) पेंटिंग (B) आलेख (C) नक्काशी (D) खिड़की

प्र–3 तेल का भंडार ................ 1

(A) सीमित है (B) असीमित है । (C) महँगा है । (D) सस्ता है।

प्र–4 यदि हम अपने परिवेश में साफ सफाई नहीं रखें तो निम्न में से क्या स्थिति हो सकती है – 1

(A) मन प्रसन्न होगा (B) हम स्वस्थ होंगे (C) बी ारी फैलेगी (D) हमें आराम मिलेगा

प्र–5 गांव के अधिकतर लोग बैलगाड़ियों पर सामान लाद कर एक साथ मजदूरी के लिए जाते है उस समूह या झुंड को कहते हैं – 1

(A) बारात (B) काफिला (C) जुलूस (D) मेला

**रिक्त स्थान ( प्रश्न क्र. 6–10 )**

**निर्देश** – रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं।

प्र–6 प्याज, लहसुन खुले में एवं सूखे स्थान पर रखते हैं, ऐसा उन्हें ......... से बचाने के लिए करते हैं । 1

प्र–7 चांगपा लोग पश्मीना ऊन के लिए .......................पालते हैं ? 1

प्र–8 गर्म भाप ठंडी होकर................बन जाती है। 1

प्र–9 लड़कियों को यह सोचकर खेलने से नहीं रोकना चाहिए कि वे ........................ हैं । 1

प्र–10 मेंडल ने मटर के पौधे में प्रयोग करके बताया कि कुछ गुण ऐसे होते हैं जो ........................ में आते हैं। 1

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 11–16 )**

**निर्देश** – नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्र–11 सपेरों के अलावा और कौन–कौन लोग अपनी रोजी रोटी के लिए जानवरों पर निर्भर होते हैं? 2

प्र–12 कौन–कौन से खेल आप बीजों से खेल सकते हैं? 2

प्र–13 कुएं के पानी के सूखने के कोई दो कारण लिखो? 2

प्र–14 पर्वतारोही को कौन–कौन सी गोलियां दी जाती हैं? और क्यों? 2

प्र–15 ट्रैफिक सिग्नल पर लाल लाइट होने पर हमें क्या करना चाहिए? 2

प्र–16 शहर में आबादी अधिक होने के बाद भी लोग अकेला महसूस करते हैं क्यों? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 17-22 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्र-17 बाघ एवं अन्य पशु-पक्षियों की संख्या कम होने के क्या कारण हो सकते हैं? 3

प्र-18 आप अपने दोस्त को कैसे बताएंगे कि नमक पानी में घोलने से गायब नहीं होता बल्कि पानी में ही रहता है? 3

प्र-19 भूकंप के समय जब लोग बेघर हो जाते हैं तब उन्हें कौन-कौन से सामान की आवश्यकता पड़ती है? 3

प्र-20 गर्म हवा को बाहर निकालने के लिए घरों में क्या लगाया जाता है? 3

प्र-21 आपके दैनिक उपयोग में आने वाले पाँच अनाजों के नाम लिखिए एवं उनका उपयोग बताइए। 3

प्र-22 मध्य प्रदेश की मुख्य नदियों के नाम लिखिए। 3

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न ( प्रश्न क्र. 23-26 )**

**निर्देश** - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्र-23 बहुत समय तक भरपेट भोजन न मिलने पर हमें स्वास्थ्य संबंधी कैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है? 5

प्र-24 अपने घर में, स्कूल में और आसपास में मच्छर ना हों, इसके लिए आप क्या कदम उठाएंगे? 5

प्र-25 अगर आपको कभी पहाड़ पर चढ़ने का मौका मिले तो आप अपने साथ क्या-क्या लेकर जाएगें। और क्यों? 5

प्र-26 दामजी भाई बाजरे के बीज को किस प्रकार संरक्षित करते थे, सविस्तार लिखिए? 5

-----x-----

EVS05371 H2025EVS05371 H2025EVS05371 H2025EV